# कामां में तीन डेयरियों से 9 क्विंटल नकली पनीर जब्त

Bharatpur News - सिंथेटिक दूध, सिंथेटिक मावा, नकली पनीर आदि के लिए बदनाम हो चुके मेवात क्षेत्र के कामां में गुरुवार को पुलिस की...

Feb 21, 2020, 09:25 AM IST



सिंथेटिक दूध, सिंथेटिक मावा, नकली पनीर आदि के लिए बदनाम हो चुके मेवात क्षेत्र के कामां में गुरुवार को पुलिस की विशेष टीम ने छापा मारकर केपी ड्रेन स्थित 3 डेयरियों से 9 क्विंटल नकली पनीर और रिफाइंड|अ ॉयल के 14 पीपे जब्त किए हैं। इससे पहले भी जयपुर की स्पेशल टीम ने मेवात में कार्रवाई करते हुए सीकरी क्षेत्र में बड़ी मात्रा में नकली दूध फिंकवाया था।

घी, दूध, पनीर, कलाकंद, मावा जैसी चीजों में की जा रही घातक मिलावट के खिलाफ पिछले दिनों दैनिक भास्कर ने मुहिम शुरू करते हुए लगातार खबरें प्रकाशित की थीं। इसके बाद ही स्वास्थ्य विभाग की जयपुर टीम और पुलिस टीमें कार्रवाई कर रही हैं। इस कार्रवाई में स्वास्थ्य विभाग की स्थानीय टीम को अलग रखा जा रहा है, क्योंकि इनकी मिलीभगत से ही यह कारोबार परवान चढ़ने की आशंका है। नगर विधायक वाजिब अली पिछले दिनों सार्वजनिक रूप से ऐसा आरोप लगा चुके हैं। जिला पुलिस अधीक्षक हैदर अली जैदी ने बताया कि डीएसटी भरतपुर के टीम प्रभारी हेमराज मीणा को सूचना मिली थी कि कामां कस्बे की 3 डेयरियों में नकली पनीर बनाया जा रहा है। इसमें रिफाइंड तेल और अन्य हानिकारक सामग्री मिलाई जा रही है। इस पनीर को गुड़गांव और दिल्ली की मंडियों में सप्लाई किया जा रहा है। इस पर डीएसटी टीम ने गुरुवार दोपहर में यूनिस डेयरी पर छापा मारकर 200 किलो पनीर, 10 पीपा रिफाइंड, जमशेद डेयरी से 500 किलो पनीर, 4 पीपा रिफाइंड और जगदीश डेयरी से 200 किलो पनीर जब्त कर लिया। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी जगदीश गुप्ता को मौके पर बुलाकर पनीर के सैंपल भरवाए गए। इन नमूनों को लेबोरेट्री जांच के लिए अलवर भेजा है। इधर जुरहरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हैदर डेयरी और आशू डेयरी से पनीर और मसालों के सैंपल भरकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे हैं।

कामां. पनीर की डेयरी पर कार्रवाई करती हुई टीम।

Source: https://www.bhaskar.com/rajasthan/bharatpur/news/rajasthan-news-9-quintals-of-fake-cheese-seized-from-three-dairies-in-kaman-092529-6676918.html